श्री बंशीधर नगर, मंगलवार
08.09.2026
भाद्रपद कृष्णपक्ष व दशी संवत 2084
वर्ष : 05, अंक : 19

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 05:32 बजे
अस्त - 06:21 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 32 डिग्री से.
न्यूनतम : 25 डिग्री से.

# बंशीधर न्यूज

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



www.banshidharnews.com | अयोध्या के 17 कलाकार करेंगे रामलीला का मंचन >> पेज 03 'ऐसी मेरी वाइब' गाना रिलीज >> पेज 05

## सुविचार

ऐसा नहीं है कि मैं कोई अति प्रतिभाशाली व्यक्ति हूँ; लेकिन मैं निश्चित रूप से अधिक जिज्ञासु हूँ
-अल्बर्ट आइंस्टीन

## न्यूज अपडेट्स

### जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा गड़बड़ी मामले में पटना से राजन गिरफ्तार

**रांची।** जेएसएससी–सीजीएल प्रतियोगिता परीक्षा गड़बड़ी मामले में जांच कर रही अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) की एसआईटी ने सोमवार को एक और आरोपित को गिरफ्तार किया है। टीम ने पटना निवासी राजन कुमार को गिरफ्तार किया है। उन्होंने जेएसएससी –सीजीएल के कई अभ्यर्थियों को पश्चिम बंगाल के नियामतपुर के एक होटल में ले जाकर परीक्षा के प्रश्नों एवं उत्तरों को रटवाया गया था। इस प्रक्रिया के माध्यम से कई अभ्यर्थियों को परीक्षा में अनुचित लाभ पहुंचाया गया तथा उनमें कुछ अभ्यर्थी परीक्षा में सफल भी हुए। राजन पर मामले में बिचौलिये की भूमिका निभाने का आरोप है। मामले में पहले से गिरफ्तार आरोपियों और कुछ अभ्यर्थियों से पूछताछ के दौरान राजन कुमार का नाम सामने आया था। पूछताछ में मिली जानकारी और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर सीआईडी ने उसकी भूमिका की जांच शुरू की थी। जांच के दौरान राजन कुमार के मामले से जुड़े होने के सुराग मिलने के बाद एसआईटी ने उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद सीआईडी की टीम उससे पूछताछ कर रही है। पूछताछ में परीक्षा विवाद से जुड़े अन्य लोगों और पूरे नेटवर्क के बारे में जानकारी मिलने की उम्मीद है। यह मामला सीआईडी थाना कांड संख्या 01/2025 से जुड़ा है।

**सख्त कार्रवाई** ईडी की जांच में वित्तीय लेन-देन व कथित संदिग्ध वित्तीय गतिविधियों की पड़ताल

# टीएमसी सांसद नदीमुल हक से जुड़े सात ठिकानों पर छापेमारी




**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य मोहम्मद नदीमुल हक से जुड़े दिल्ली, कोलकाता और रांची के सात ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार सुबह एक साथ तलाशी अभियान चलाया। यह कार्रवाई सुबह करीब छह बजे शुरू हुई। ईडी की अलग-अलग टीमें सांसद से जुड़े आवास और कार्यालयों के अलावा अन्य परिसरों में भी पहुंचीं।

आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, ईडी की जांच में वित्तीय लेन-देन, धन के स्रोत और कथित संदिग्ध वित्तीय गतिविधियों की पड़ताल की जा रही है। एजेंसी यह भी जांच कर रही है कि धन के प्रवाह और उससे जुड़े लेन-देन के बीच कोई आपसी संबंध है या नहीं। जांच के दायरे में संबंधित समाचार पत्र और अन्य प्रकाशनों से जुड़े कुछ आरोप भी शामिल बताए जा रहे हैं।

दरअसल, नदीमुल हक का नाम कोलकाता से प्रकाशित एक उर्दू दैनिक समाचार पत्र से भी जुड़ा है। उन्हें इस समाचार पत्र का निदेशक बताया जाता है। जानकारी के अनुसार, अखबार के अन्य शहरों से भी संस्करण प्रकाशित होते हैं।

ईडी की टीम ने कोलकाता के पार्क सर्कस स्थित समाचार पत्र के कार्यालय में भी तलाशी ली। तलाशी अभियान के समय कार्यालय बंद रहा और सुरक्षा व्यवस्था के बीच ईडी के अधिकारियों ने परिसर में दस्तावेजों तथा अन्य रिकॉर्ड की जांच की। कार्रवाई के दौरान केंद्रीय बलों की तैनाती की गई थी।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, तलाशी के दौरान वित्तीय अभिलेखों, दस्तावेजों और अन्य संबंधित रिकॉर्ड की जांच की जा रही है। एजेंसी कथित संदिग्ध लेन-देन तथा धन के स्रोतों से जुड़े पहलुओं को खंगाल रही है। प्रारंभिक जानकारी में यह मामला बिधाननगर थाने में दर्ज एक प्रकरण से जुड़ा बताया जा रहा है। हालांकि, जांच से जुड़े आरोपों और उनके सभी पहलुओं की स्वतंत्र पुष्टि फिलहाल नहीं हुई है। ईडी की कार्रवाई के बाद मामले में आगे की जांच और दस्तावेजों की पड़ताल के आधार पर तस्वीर और स्पष्ट होने की संभावना है।

ईडी की टीमों ने दिल्ली, कोलकाता और रांची में नदीमुल हक से जुड़े कुल सात परिसरों पर तलाशी ली। एक साथ कई स्थानों पर हुई इस कार्रवाई से राजनीतिक हलचल भी तेज हो गई है। हालांकि, तलाशी पूरी होने तक एजेंसी की ओर से किसी जब्ती, गिरफ्तारी या जांच के अगले चरण के संबंध में विस्तृत आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। मोहम्मद नदीमुल हक पश्चिम बंगाल से तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य हैं। उनके परिसरों और उनसे जुड़े प्रतिष्ठानों पर ईडी की कार्रवाई के बाद राज्य में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। फिलहाल जांच जारी है और मामले से जुड़े आरोपों तथा वित्तीय लेन-देन के वास्तविक स्वरूप के बारे में अंतिम स्थिति जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट होगी।

### रांची के कोकर स्थित एक परिसर में चला तलाशी अभियान



**रांची।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के राज्यसभा सदस्य मोहम्मद नदीमुल हक से जुड़े मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को देश के सात राज्यों में एक साथ छापेमारी की। रांची के कोकर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली और कोलकाता समेत सात स्थानों पर ईडी की कार्रवाई चल रही है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, रांची के कोकर इंडस्ट्रियल एरिया स्थित एक परिसर को भी तलाशी के दायरे में शामिल किया गया है। छापेमारी का मुख्य केंद्र कोलकाता बताया जा रहा है। ईडी की यह कार्रवाई सांप्रदायिक सौहार्द को प्रभावित करने वाले कथित कंटेंट के प्रकाशन, संदिग्ध वित्तीय लेन–देन और सौदों के जरिए कथित फंडिंग से जुड़ी शिकायतों के सिलसिले में की जा रही है। मामला अखबार–ए–मशरिक प्राइवेट लिमिटेड के उर्दू दैनिक में प्रकाशित कुछ सामग्री और अखबार में किए गए कथित निवेश से संबंधित है। ईडी ने विधाननगर थाने में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर ईसीआईआर दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच के दौरान मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े तथ्य सामने आने के बाद ईडी ने कोलकाता, दिल्ली और रांची में कुल सात ठिकानों पर तलाशी शुरू की। रांची में कोकर इंडस्ट्रियल एरिया स्थित अखबार–ए–मशरिक के कार्यालय में ईडी की टीम दस्तावेजों और अन्य रिकॉर्ड की जांच कर रही है। फिलहाल सभी ठिकानों पर छापेमारी की कार्रवाई जारी है।

### जेएसएससी-सीजीएल नियुक्ति रद्द करने के सरकार के आदेश पर हाइकोर्ट की रोक

**रांची।** झारखंड सरकार की ओर से नोटिफिकेशन जारी कर जेएसएससी – सीजीएल (विज्ञापन संख्या 10 /2023) से नियुक्त कर्मियों को हटाए जाने के आदेश को चुनौती देने वाली निरोज एवं अन्य (245 कर्मियों) की याचिका पर झारखंड उच्च न्यायालय में सोमवार को सुनवाई हुई। मामले में उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति दीपक रोशन की कोर्ट ने जेएसएससी–सीजीएल परीक्षा से जुड़ी नियुक्ति रद्द करने के सरकार के आदेश पर रोक लगा दी। साथ ही मामले में सरकार और जेएसएससी से 15 सितंबर तक जवाब मांगा है। प्रार्थियों की ओर से वरीय अधिवक्ता राजीव रंजन और अधिवक्ता दीपांकर एवं अधिवक्ता श्रेय मिश्रा ने पक्ष रखा। प्रार्थियों ने जेएसएससी–सीजीएल परीक्षा नियुक्ति को रद्द करने के राज्य सरकार के आदेश को चुनौती दी गई है। उल्लेखनीय है कि सीआईडी जांच में मिले तथ्यों के आधार पर राज्य सरकार ने 18 अगस्त की देर रात उन सभी परीक्षाओं को रद्द करने की घोषणा की थी, जिसमें टीडीपीएल शामिल रहा है। इसके अलावा वर्ष 2014 से हुई सभी नियुक्ति परीक्षाओं में संभावित अनियमितता के मद्देनजर जांच कराने की घोषणा भी की गयी थी।

### वित्तमंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कराया दिल का चेकअप कहा

# सीने की बेचैनी को नजरअंदाज न करें

**रांची।** वित्तमंत्री राधाकृष्ण किशोर सोमवार को अपने रूटीन हेल्थ चेकअप के लिए रिम्स पहुंचे। उन्होंने रिम्स के कार्डियोलॉजी विभाग में अपने हृदय की जांच कराई। चेकअप के बाद वित्तमंत्री राधाकृष्ण किशोर ने लोगों से हृदय की सेहत को लेकर विशेष सतर्कता बरतने की अपील की। उन्होंने कहा कि सीने में बेचैनी, दर्द या किसी अन्य तरह की परेशानी को केवल गैस की समस्या मानकर नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। ऐसी स्थिति में बिना देरी किए चिकित्सक से परामर्श लेना चाहिए और आवश्यक जांच करानी चाहिए। उन्होंने कहा कि समय पर स्वास्थ्य जांच कराने से किसी गंभीर बीमारी की पहचान शुरूआती स्तर पर की जा सकती है और उसके खतरे को कम किया जा सकता है। उन्होंने लोगों से स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही नहीं बरतने और नियमित रूप से अपनी सेहत की जांच कराने की अपील की।



चिकित्सकों ने आवश्यक जांच के बाद उनकी स्वास्थ्य स्थिति सामान्य बताई। कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. प्रशांत ने बताया कि वित्तमंत्री की सभी जांच रिपोर्ट सामान्य हैं। फिलहाल उनकी सेहत को लेकर किसी तरह की गंभीर परेशानी नहीं मिली है। इस दौरान कार्डियोलॉजी विभाग के चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।

## विधायक जनार्दन पासवान के पुत्र के अपहरण की सूचना पर एक्टिव हुई पुलिस

# पता चला शराब के नशे में दो गुटों में हुई मारपीट, विधायक पुत्र की भी पिटाई

**रांची।** शहर के धुर्वा थाना क्षेत्र में एमिटी यूनिवर्सिटी के मेन गेट के बाहर सोमवार को शराब के नशे में छात्रों के दो गुटों के बीच जमकर मारपीट हो गई। इस विवाद के दौरान लोजपा विधायक जनार्दन पासवान के पुत्र सौरभ पासवान भी मौके पर मौजूद थे। घटना के बाद विधायक की ओर से पुत्र के अपहरण की सूचना पुलिस को दिए जाने से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और नये विधानसभा के पास से विधायक पुत्र को सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस के मुताबिक विधायक पुत्र ने भी शराब पी रखी थी। रांची सिटी एसपी पारस राणा ने प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले से बताया कि एमिटी यूनिवर्सिटी के कुछ छात्र मेन गेट के बाहर शराब पी रहे थे। इसी दौरान छात्रों के दूसरे गुट से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते कहासुनी ने मारपीट का रूप ले लिया। दोनों गुटों के बीच जमकर हाथापाई हुई।



बताया जा रहा है कि इस दौरान सौरव पासवान के साथ भी मारपीट की गई। सिटी एसपी पारस राणा ने बताया कि लोजपा विधायक जनार्दन पासवान ने फोन कर अपने पुत्र के अपहरण की सूचना दी थी। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम को तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। पुलिस ने मौके पर मौजूद लोगों से पूछताछ की और घटनाक्रम की जानकारी जुटाई।


सिटी एसपी ने बताया कि शुरूआती जांच में सामने आया है कि छात्रों के दूसरे गुट के युवक सौरभ पासवान को अपनी गाड़ी में बैठाकर ले गए थे। बाद में उन्हें नई विधानसभा के पास रास्ते में उतार दिया गया। पुलिस ने सौरभ पासवान को रिकवर कर थाने पहुंचाया। सिटी एसपी पारस राणा ने कहा कि शुरूआती जांच में मामला अपहरण का नहीं लग रहा है। प्रथम दृष्टया जो जानकारी सामने आई है, उसके मुताबिक पूरी घटना शराब के नशे में छात्रों के बीच हुए विवाद और मारपीट से जुड़ी है। हालांकि पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, सौरभ पासवान के साथ मारपीट करने वाले युवकों की पहचान कर ली गई है। पुलिस उनकी भूमिका की जांच कर रही है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। सिटी एसपी ने कहा कि एफआईआर के आधार पर मामले में विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

फिलहाल पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच में जुटी है। यूनिवर्सिटी गेट के बाहर शराब पीने और उसके बाद छात्रों के बीच हुए विवाद ने सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस तीन छात्रों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

गढ़वा जिले के नगर ऊंटारी स्थित

# श्री बंशीधर मंदिर

## आस्था, संस्कृति और श्रद्धा का अद्भुत संगम



जय श्री बंशीधर

नगर ऊंटारी
गढ़वा (झारखंड)



### आस्था के मुख्य अड्रेश्य

**भगवान श्री बंशीधर की दिव्य प्रतिमा**
यहां विराजमान भगवान श्री बंशीधर की प्रतिमा भक्तों के लिए आस्था और शक्ति का केंद्र है।

**ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व**
यह मंदिर वर्षों से क्षेत्र की धार्मिक आस्था और परंपरा का प्रतीक रहा है।

**नगर ऊंटारी की पहचान बना भव्य मंदिर**
यह मंदिर नगर ऊंटारी को एक अलग पहचान देता है।

**दूर-दूर से पहुंचते हैं श्रद्धालु**
देश के विभिन हिस्सों से श्रद्धालु यहां दर्शन और पूजा के लिए आते हैं।

**धार्मिक पर्यटन का प्रमुख केंद्र**
यह मंदिर धार्मिक पर्यटन के दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है।

**मंदिर परिसर की वास्तुकला और आकर्षण**
मंदिर की सुंदर संरचना, पवित्र परिसर और शांत वातावरण मन को शांति प्रदान करता है।

### मंदिर का महत्व

गढ़वा जिले के नगर ऊंटारी स्थित श्री बंशीधर मंदिर न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि यह क्षेत्र की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत का भी प्रतीक है। यहां प्रतिदिन होने वाली पुजा-अर्चना और विशेष अवसरों पर लगने वाले मेले में हजारों श्रद्धालु शामिल होते हैं।




**आइए, दर्शन करें और आस्था का अनुभव लें...**

# ज्ञान निकेतन स्कूल में दिवंगत मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू को दी श्रद्धांजलि



बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** झारखंड सरकार के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू के आकस्मिक निधन पर शहर के ज्ञान निकेतन कान्वेंट स्कूल में शोकसभा आयोजित की गई। विद्यालय के निदेशक मदन प्रसाद केशरी ने छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं को संबोधित करते हुये कहा कि सुदिव्य कुमार सोनू के निधन से झारखंड के विकास और प्रगति को गहरा आघात पहुंचा है। उन्होंने कहा कि दिवंगत मंत्री जमीन से जुड़े जनप्रतिनिधि थे और जनसरोकारों के प्रति उनकी सक्रियता एवं सहज व्यवहार ने उन्हें आम लोगों के बीच अलग पहचान दिलाई थी। निदेशक ने कहा कि जनप्रतिनिधि एवं मंत्री के रूप में सुदिव्य कुमार सोनू ने शिक्षा, युवा एवं खेल, पर्यटन, नगर विकास सहित कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए राज्य के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। सार्वजनिक जीवन में उनके निधन से उत्पन्न हुई कमी की भरपाई कठिन है। उनके कार्यों और योगदान को लोग लंबे समय तक याद रखेंगे। शोकसभा के दौरान विद्यालय परिवार की ओर से दिवंगत मंत्री के प्रति भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उनकी आत्मा की शांति के लिये दो मिनट का मौन रखा गया। साथ ही ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने तथा शोक संतप्त परिजनों को इस कठिन समय में दुख सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की गई। शोकसभा में उपप्राचार्य वसंत ठाकुर, शिक्षक वीरेंद्र शाह, नीरा शर्मा, खुर्शीद आलम, दिनेश कुमार, कृष्ण कुमार, सुनीता कुमारी, नीलम कुमारी, सरिता दुबे सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद थे।

## न्यूज अडेट्स

### प्रधानाध्यापक ने बच्चों-अभिभावकों से किया शिक्षा संवाद, दिवंगत मंत्री को दी श्रद्धांजलि

**मेदिनीनगर :** रजवाडीह मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी ने विद्यालय में अवकाश के बावजूद बच्चों की पढ़ाई से जुड़ाव बनाए रखने की पहल की। उन्होंने केवालटोला क्षेत्र का भ्रमण कर बच्चों एवं अभिभावकों से शिक्षा संवाद किया। इस दौरान बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने, स्वाध्याय करने तथा पढ़ाई के प्रति निरंतरता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी ने कहा कि सीखना एक सतत प्रक्रिया है। इसमें निरंतरता बनाए रखना बेहद जरूरी है। विद्यालय में अवकाश के दौरान भी बच्चों के साथ संवाद करने का उद्देश्य उनकी पढ़ाई की गति को बनाए रखना और अभिभावकों को बच्चों की शिक्षा के प्रति जागरूक करना है। पीरामल फाउंडेशन के आशीषन एक्का ने कहा कि प्रधानाध्यापक को देखते ही बच्चों और अभिभावकों का एकत्रित होना यह दशार्ता है कि उनका प्रधानाध्यापक के साथ भावनात्मक जुड़ाव है। यह विद्यालय और समुदाय के बीच मजबूत संबंध का सकारात्मक संकेत है। झारखंड सरकार के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के मंत्री स्व. सुदिव्य कुमार सोनू के असामयिक निधन पर राजकीय शोक के कारण विद्यालय में अवकाश घोषित है। शिक्षा संवाद के बाद प्रधानाध्यापक, बच्चों एवं अभिभावकों ने दिवंगत मंत्री को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए एक मिनट का मौन रखा।

## कांडी

### कांग्रेस नेता बड़ू दुबे ने विभिन्न गांवों का किया दौरा

# बाढ़ प्रभावित किसानों को मुआवजा दिलाने का भरोसा

बंशीधर न्यूज



**कांडी :** कांग्रेस नेता प्रभात दुबे उर्फ बड़ू दुबे ने प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा कर ग्रामीणों से मुलाकात की और क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने जनहित से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के शीघ्र समाधान और संबंधित स्तर पर आवश्यक कार्रवाई कराने का आश्वासन ग्रामीणों को दिया। भ्रमण के दौरान प्रभात दुबे ने कांडी, लमारी, सोनपुरा, नारायणपुर सहित कई गांवों का दौरा किया। वहीं घटहुवा कला गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने उनका जोरदार स्वागत किया। ग्रामीणों ने घटहुवा कला नदी पर पुल निर्माण तथा गांव में सड़क निर्माण की मांग उनके समक्ष रखी। ग्रामीणों ने बताया कि पुल एवं सड़क के अभाव में आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने के बाद प्रभात दुबे ने कहा कि क्षेत्र के विकास को गति देना मेरा मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि बाबा स्व ददई दुबे ने क्षेत्र के विकास और जनकल्याण के लिये कई महत्वपूर्ण कार्य किये थे, लेकिन उनके कई सपने अभी अधूरे हैं। उन्होंने कहा की उन अधूरे विकास कार्यों को पूरा करना मेरा धर्म है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों एवं विभागों तक पहुंचाकर समाधान कराने का प्रयास किया जायेगा। उन्होंने बाढ़ प्रभावित हेठार के कई गांव का भ्रमण कर धान की फसल का जायजा लिया एवं कहा कि उच्च अधिकारियों एवं कृषि मंत्री से बात कर किसानों को उचित मुआवजा दिलायी जायेगी। प्रभात दुबे ने कहा कि जनसेवा के लिये किसी पद या दिखावे की आवश्यकता नहीं है। जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं को समझना और उनके समाधान के लिये प्रयास करना ही मेरा प्रमुख उद्देश्य है। ग्रामीणों से निरंतर संपर्क और सरल व्यवहार के कारण वे क्षेत्र के युवाओं एवं ग्रामीणों के बीच अपनी अलग पहचान बना रहे हैं। उस मौके पर कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष जवाहर राम, परशु राम, रामनाथ चंद्रवंशी, धर्मेंद गुप्ता, शम्भू पाण्डेय, इस्लाम अंसारी, नूरुल अंसारी, राजेंद्र तिवारी एवं कई लोग मौजूद थे।

## गोदरमा में दुर्गा पूजा समिति का गठन, धनंजय पांडेय बने अध्यक्ष



**विश्रामपुर :** दुर्गा पूजा महोत्सव 2026 को धूमधाम से मनाने को लेकर रविवार को दुर्गा मंडप परिसर में बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता विश्वनाथ पांडेय ने की। इसमें पूजा महोत्सव की रूपरेखा तैयार करने के साथ सर्वसम्मति से दुर्गा पूजा महोत्सव समिति की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। नई समिति में धनंजय पांडेय को अध्यक्ष, सुनील पांडेय को उपाध्यक्ष, विकेश पांडेय को सचिव, सोनू पांडेय को सहसचिव, अभिनव पांडेय को मंत्री तथा देव प्रकाश पांडेय को कोषाध्यक्ष बनाया गया। नवनीत पांडेय और मनीष पांडेय को उप कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। वहीं सूरज पांडेय को संगठन मंत्री, अनिमेष पांडेय को सुरक्षा मंत्री तथा नटवर पांडेय और आदित्य पांडेय को मीडिया प्रभारी बनाया गया। विक्की पांडेय, अजीत पांडेय और रोहित पांडेय को महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। समिति में मणी पांडेय, गोकुलानंद पांडेय, वेद व्यास पांडेय, दिलीप पांडेय, नवीन पांडेय (दशरथ पांडेय), मनोज पांडेय और राजीव पांडेय को संरक्षक बनाया गया है। मंदिर के मुख्य पुजारी के रूप में नंदलाल पांडेय रहेंगे।

बैठक में सदस्यों ने दुर्गा पूजा महोत्सव को आपसी सहयोग, श्रद्धा और उत्साह के साथ सफल बनाने का निर्णय लिया।

### अयोध्या से 17 कलाकार करेंगे रामलीला का मंचन, ढाई लाख खर्च होंगे


# प्रेमशंकर तिवारी बने तोलरा दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष

बंशीधर न्यूज



**विश्रामपुर :** दुर्गा पूजा को लेकर मध्य विद्यालय तोलरा के प्रांगण में सोमवार को ग्रामीणों की बैठक हुई। इसमें सर्वसम्मति से दुर्गा पूजा कमेटी का गठन किया गया। जिसमें प्रेमशंकर तिवारी को अध्यक्ष, विपीन तिवारी को सचिव और मुकेश तिवारी को कोषाध्यक्ष बनाया गया। वहीं नूतन देवी को मुख्य संरक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई। उपमुखिया कुश तिवारी समेत रंजन तिवारी, दीपु तिवारी, सिद्धार्थ तिवारी, श्रीराम तिवारी, सूर्यकांत तिवारी, रोहित तिवारी, आलोक तिवारी सहित करीब दो दर्जन युवाओं को कमेटी में शामिल किया गया। प्रेमशंकर तिवारी लगातार पांचवीं बार अध्यक्ष चुने गये हैं। कमेटी के अध्यक्ष और सचिव ने बताया कि इस वर्ष पूजा को ऐतिहासिक बनाने की तैयारी है। करीब ढाई लाख रुपये खर्च कर अयोध्या से 17 कलाकारों को बुलाया जा रहा है। जो रामलीला का मंचन करेंगे। पंडाल की सजावट के लिये बाहरी कलाकारों को भी बुलाया गया है। जो करीब एक सप्ताह तक सजावट का काम करेंगे। अध्यक्ष ने बताया कि पूजा पंडाल से करीब 500 मीटर तक रेलवे लाईन के दोनों ओर रोशनी की व्यवस्था की जायेगी। अयोध्या से कलाकारों के आने के कारण आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। इसे देखते हुये कमेटी ने सुरक्षा की भी व्यापक तैयारी की है।

### सांसद आज करेंगे सड़क परियोजनाओं की समीक्षा, डीएलवीएमसी हेल्थ की बैठक में लेंगे हिस्सा



**मेदिनीनगर :** पलामू संसदीय क्षेत्र में सड़क एवं आधारभूत संरचना से जुड़ी परियोजनाओं को समयबद्ध पूरा कराने तथा निर्माण कार्यों की बाधाओं के समाधान को लेकर मंगलवार को सांसद विष्णु दयाल राम की अध्यक्षता में 8 को समीक्षा बैठक होगी। इसकी जानकारी देते हुए सांसद के निजी सचिव अलख दूबे ने बताया कि साढ़े ग्यारह बजे दिन में होने वाली बैठक में एनएचएआई, राष्ट्रीय राजमार्ग, केंद्रीय सड़क अवसंरचना निधि (सीआरआईएफ) एवं पथ निर्माण विभाग की विभिन्न सड़क परियोजनाओं की समीक्षा की जाएगी। भूमि अधिग्रहण, फॉरेस्ट क्लीयरेंस, अतिक्रमण और उपयोगिता सेवाओं के स्थानांतरण सहित लंबित मामलों पर चर्चा होगी। संबंधित अधिकारियों को परियोजनाओं में तेजी लाने के निर्देश दिए जाएंगे। दोपहर एक बजे डीएलवीएमसी हेल्थ की बैठक होगी। इसमें जिले के अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केंद्रों की स्थिति, चिकित्सकों व स्वास्थ्यकर्मियों की उपलब्धता, दवा आपूर्ति, एंबुलेंस, ब्लड बैंक, चिकित्सा उपकरण और विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाएगी।

### गैस सिलेंडर फटने से जीजा-साला की मौत, गांव में मातम

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के बिशनपुर गांव के टोला हबरुआ निवासी राजेंद्र राम और उनके साले(बिहार के निवासी) की दिल्ली में गैस सिलेंडर फटने से मौत हो गई। दोनों दिल्ली एयरपोर्ट पर मजदूरी का काम करते थे। परिजनों के अनुसार, शुक्रवार रात दोनों घर में खाना बना रहे थे। इसी दौरान गैस सिलेंडर फटने से दोनों गंभीर रूप से झुलस गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर परिजन दिल्ली पहुंचे और पोस्टमार्टम के बाद सोमवार सुबह करीब 11 बजे दोनों के शव गांव लाए। शव पहुंचते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। दोनों कई वर्षों से दिल्ली में काम कर परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे। उनकी मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं पूरे गांव में शोक का माहौल है।

### भारत गैस एजेंसी में बड़ी चोरी, 2.59 लाख नकद और जेवर ले उड़े चोर

**हैदरनगर :** भाई बिगहा स्थित भारत गैस एजेंसी के कार्यालय में रविवार रात चोरों ने सेंधमारी कर 2 लाख 59 हजार 478 रुपये नकद समेत सोने-चांदी के जेवर चुरा लिए। चोर पीछे के रास्ते से प्रथम तल स्थित कार्यालय में घुसे और वारदात से पहले बिजली मीटर व सीसीटीवी कैमरा तोड़ दिया। इसके बाद दराज का ताला तोड़कर तीन दिनों की बिक्री की नकदी, सोने का लॉकेट, अंगूठी और चांदी की पायल लेकर फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी तंजीलुल मन्नान ने बताया कि आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और जल्द मामले का खुलासा किया जाएगा।

### बिजली के तार ने ली जंगली हाथी की जान, झुंड के गांव में घुसने से मचा हड़कंप

**लातेहार :** बालूमाथ थाना क्षेत्र के कोमर गांव में रविवार देर रात बिजली के तार की चपेट में आने से एक जंगली हाथी की मौत हो गई। ग्रामीणों के मुताबिक, हाथियों का झुंड गांव में घुस आया था। इसी दौरान एक हाथी बिजली के तार की चपेट में आ गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। झुंड के कुछ अन्य हाथियों के घायल होने की भी आशंका जताई जा रही है। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू कर दी है।

### दुष्कर्म के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार



**कांडी :** पुलिस ने दुष्कर्म के प्रयास के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान खुटहेरिया पंचायत के भरत पहाड़ी गांव निवासी चलितर रजवार के पुत्र भरत रजवार के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस संबंध में कांडी थाना प्रभारी मोहम्मद अशफाक आलम ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ दुष्कर्म के प्रयास का आरोप है। मामले को लेकर थाने में कांड संख्या 99/26 दर्ज किया गया था। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिये लगातार प्रयास कर रही थी। इसी क्रम में पुलिस ने कार्रवाई करते हुये भरत रजवार को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# नगर ऊंटारी व कोलझिकी में न्याय रथ ने किया कानूनी जागरूक



**बंशीधर न्यूज**

**श्री बंशीधर नगर :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के आदेश पर सोमवार को चलंत लोक वैन न्याय रथ के माध्यम से अनुमंडलीय न्यायालय परिसर एवं कोलझिकी गांव में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य वादकारियों एवं ग्रामीणों तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित करना और उनकी कानूनी समस्याओं के त्वरित समाधान के प्रति जागरूक करना था। इस दौरान एलएडीसीएस सदस्य सुधीर तिवारी एवं स्थायी लोक अदालत के सदस्य मनोज कुमार दुबे ने ग्रामीणों और वादकारियों को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर वादकारी, जो अधिवक्ता रखने में सक्षम नहीं हैं, उन्हें जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से निःशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने बताया कि सालाना तीन लाख रुपये तक की आय वाले व्यक्ति, महिलाएं, बच्चे, अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लोग, औद्योगिक आपदा से पीड़ित व्यक्ति, जेल में बंद कैदी तथा बाढ़, भूकंप जैसी आपदाओं से प्रभावित और मानसिक एवं बौद्धिक दिव्यांग व्यक्ति इसके पात्र हैं। पीएलवी कृष्णानंद दुबे ने आगामी 12 सितंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत सह मेगा अदालत की जानकारी दी। उन्होंने लोगों से सुलहनीय आपराधिक मामले, बैंक ऋण, उपभोक्ता विवाद, पारिवारिक विवाद, बिजली एवं वन विभाग से जुड़े मामलों का लोक अदालत के माध्यम से निस्तारण कराने की अपील की। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में पारित निर्णय सभी पक्षों पर बाध्यकारी होता है। मामले के निस्तारण के बाद कोर्ट फीस भी वापस कर दी जाती है तथा लोक अदालत के निर्णय के विरुद्ध सामान्यतः अपील का प्रावधान नहीं है। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों के बीच कानूनी जागरूकता संबंधी पर्चे भी वितरित किये गये। मौके पर पीएलवी मनोज कुमार दुबे, पंकज कुमार, संगीता देवी, कल्पना देवी, शोभा देवी, सुधीर चौबे, रुपेश रजक, रामबचन राम सहित सैकड़ों वादकारी और ग्रामीण मौजूद थे।

## न्यूज अपडेट्स

### बीआरपी सीआरपी महासंघ की शोकसभा, दिवंगत मंत्री को दी श्रद्धांजलि

**मेदिनीनगर :** कचहरी परिसर में पलामू जिला बीआरपी-सीआरपी महासंघ की ओर से शोकसभा आयोजित की गई। इस दौरान झारखंड सरकार के दिवंगत मंत्री स्व. सुदिव्य कुमार सोनू के असामयिक निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष पंकज शुक्ला ने कहा कि स्व. सुदिव्य कुमार सोनू का निधन झारखंड के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि दिवंगत मंत्री ने अपने कार्यों और व्यवहार से लोगों के बीच अलग पहचान बनाई थी। झारखंड ने एक अनमोल हीरा खो दिया है। महासंघ के जिलाध्यक्ष किशोर कुमार दूबे ने कहा कि जब भी उन्हें दिवंगत मंत्री से मिलने का अवसर मिला, उन्होंने गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ लोगों की समस्याएं सुनीं। वे हर झारखंडी के दर्द को अपना दर्द समझते थे। शोकसभा में, मीडिया प्रभारी अरुण मिश्रा, मुकेश तिवारी, जयप्रकाश कुमार, अविनाश पांडेय, विनोद यादव, सुरेंद्र राम, प्रभात दूबे, दीपक कुमार, संजय रजक, संदीप राम, एजाज अहमद, रजनीकांत तिवारी, विजय दूबे सहित महासंघ के कई सदस्य उपस्थित थे।

## पलामू ▶ भाजपा के सेवा संकल्प अभियान पर जिला स्तरीय कार्यशाला

# अभियान को सफल बनाने का किया आह्वान

**बंशीधर न्यूज**




**मेदिनीनगर :** भाजपा के पलामू जिला कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तावित 25 वर्ष सेवा संकल्प अभियान को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रमंडलीय प्रभारी विकास प्रीतम ने कहा कि यह अभियान संगठन की सेवा, समर्पण और जनकल्याण के संकल्प को और मजबूती प्रदान करेगा। उन्होंने कार्यकताओं से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। पलामू जिला प्रभारी शशिभूषण भगत ने बताया कि अभियान 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक बूथ से जिला स्तर तक चलाया जाएगा। उन्होंने कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी देते हुए कार्यकताओं से अभियान को सफल बनाने की अपील की। पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के सेवा एवं संकल्प के 25 वर्ष पूरे होने पर देशहित में किए गए कार्यों और उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाना अभियान का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य है। जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि इस बार एक माह तक सेवा संकल्प अभियान चलाया जाएगा, जिसमें पार्टी के निर्देश पर 14 प्रकार के कार्यक्रम गांव से शहर तक आयोजित होंगे। वरिष्ठ नेता श्याम नारायण दूबे ने सेवा और समर्पण के साथ जनसेवा जारी रखने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री अजय सिंह ने किया। मौके पर विधायक शशिभूषण मेहता, लवली गुप्ता, विजय ओझा, संध्या सिंह सहित जिला पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्ष उपस्थित थे।

# सोनू भैया के विचार और संघर्ष को नई पीढ़ी तक पहुंचाना ही सच्ची श्रद्धांजलि : अविनाश देव

**बंशीधर न्यूज**



**मेदिनीनगर :** झारखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं गिरिडीह विधायक स्व. सुदिव्य कुमार सोनू के आकस्मिक निधन पर संत मरियम आवासीय विद्यालय परिसर में शोकसभा आयोजित की गई। विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव के नेतृत्व में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने दिवंगत मंत्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। अविनाश देव ने कहा कि सुदिव्य कुमार सोनू का निधन पूरे झारखंड के सार्वजनिक जीवन के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि सोनू भैया ने राजनीति को सत्ता का माध्यम नहीं, बल्कि जनसेवा का साधन माना। उनका संघर्ष, सादगी और संगठन के प्रति समर्पण नई पीढ़ी के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने विद्यार्थियों को स्व. सोनू के राजनीतिक जीवन से परिचित कराते हुए कहा कि उन्होंने 1989 में झामुमो के सामान्य कार्यकर्ता के रूप में राजनीतिक जीवन शुरू किया और लंबे संघर्ष के बाद 2019 में पहली बार विधायक बने। 2024 में दोबारा विधानसभा पहुंचने के बाद उन्होंने कैबिनेट मंत्री के रूप में महत्वपूर्ण विभागों की जिम्मेदारी संभाली। अविनाश देव ने कहा कि उनके विचार, संघर्ष और जनसेवा की भावना को बच्चों तक पहुंचाना ही सच्ची श्रद्धांजलि है। व्यक्ति चला जाता है, लेकिन उसके विचार समाज में हमेशा जीवित रहते हैं। विद्यालय परिवार ने शोकाकुल परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

### सहेली ग्रुप की बैठक में सेवा सप्ताह की तैयारियों पर हुई चर्चा

# 17 से 23 सितंबर तक चलेगा सेवा सप्ताह

**बंशीधर न्यूज**




**गढ़वा :** जायंट्स ग्रुप ऑफ सहेली की बैठक शहर के ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सहेली अध्यक्ष रीमा स्वरूप ने की, जबकि संचालन गढ़वा सहेली की प्रशासनिक निदेशक रीना सोनी ने किया। बैठक में आगामी 17 से 23 सितंबर तक आयोजित होने वाले जायंट्स सेवा सप्ताह को सफल बनाने को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। अध्यक्ष रीमा स्वरूप ने बैठक में मौजूद सभी सहेलियों के विचार और सुझावों को ध्यानपूर्वक सुना। इसके बाद उनकी सहमति और सुझावों के आधार पर सेवा सप्ताह के कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। तय कार्यक्रम के अनुसार स्कूली बच्चों के बीच कॉपी-किताब का वितरण, डेंटल कैंप का आयोजन, फलदार पौधों का वितरण, जरूरतमंद महिलाओं के बीच साड़ी वितरण, खिचड़ी प्रसाद का वितरण, रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के बीच फल वितरण तथा बीपी जांच शिविर का आयोजन किया जायेगा। बैठक में सदस्यों ने कहा कि सेवा सप्ताह के दौरान अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों तक पहुंचने का प्रयास किया जायेगा। शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण और जरूरतमंदों की सहायता से जुड़े कार्यक्रमों के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों की सेवा करने का लक्ष्य रखा गया है। सदस्यों ने सभी कार्यक्रमों को आपसी सहयोग और समन्वय के साथ सफल बनाने का संकल्प लिया। बैठक में जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन-8 की पदाधिकारी सीमा केशरी, पूर्व यूनिट डायरेक्टर सह फाउंडर अध्यक्ष रश्मि कमलापुरी, सहेली ग्रुप की पूर्व अध्यक्ष माला केशरी, सुषमा केशरी, अनसुइया केशरी, गढ़वा सहेली की उपाध्यक्ष वंदना सोनी, सहेली सदस्य गुड़िया केशरी, चांदनी केशरी, वर्षा अग्रवाल समेत अन्य सदस्य उपस्थित थी।

### सब-जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता गढ़वा टीम चांदनकियारी रवाना



**गढ़वा :** तीसरी राज्य स्तरीय सब-जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये गढ़वा जिले की 18 सदस्यीय बालक-बालिका टीम चांदनकियारी, बोकारो के लिये रवाना हुई। प्रतियोगिता का आयोजन झारखंड एथलेटिक्स एसोसिएशन एवं बोकारो एथलेटिक्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में 8 से 9 सितंबर तक मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, चांदनकियारी, बोकारो में किया जायेगा। गढ़वा जिला टीम कोच विपिन कुमार एवं मैनेजर विकास कुमार ठाकुर के नेतृत्व में प्रतियोगिता में हिस्सा लेने रवाना हुई। टीम में अंडर-18 बालक वर्ग में अनुज कुमार, मनीष कुमार, सूरज कुमार, ऋतिक कुमार दीक्षित, लक्की कुमार सिंह एवं अभिषेक कुमार पाल शामिल हैं। अंडर-20 बालक वर्ग में ऋषभ कुमार सिंह, अनिमेष कुमार, प्रदीप कुमार तुरी, अरुण भुईहर एवं विशाल कुमार पाल प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।वहीं अंडर-18 बालिका वर्ग में अंशु कुमारी एवं दीपा कुमारी, जबकि अंडर-20 बालिका वर्ग में मंजीत कुमारी, सुनीता कुमारी, पूनम कुमारी, रुक्मिणी कुमारी एवं ट्विंकल कुमारी टीम में शामिल हैं। गढ़वा जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष शिव कुमार पाण्डेय, सचिव आलोक कुमार मिश्रा, संयुक्त सचिव सुशील तिवारी, कोषाध्यक्ष अजय कांत सहित अभिषेक सिंह, रमाशंकर सिंह, सुशील कुमार, ओमप्रकाश गुप्ता ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक, वरीय उपाध्यक्ष उदय नारायण तिवारी, संरक्षक राकेश पाल, अनीता दत्त, उमेश सहाय, चंद्र बहादुर सिंह, किशोर कुणाल, क्रिकेट संघ के सचिव राघवेंद्र नारायण सिंह सहित सतेंद्र प्रसाद यादव, धर्मेंद्र पाल, सुनील कुमार एवं शमशाद अहमद ने भी खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन की कामना की। यह जानकारी जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव आलोक कुमार मिश्रा ने दी।

### छात्र-युवाओं के मुद्दे पर भाजपा का आज गढ़वा में धरना-प्रदर्शन




**गढ़वा :** छात्र-युवाओं के मुद्दे को लेकर भाजपा की ओर से मंगलवार को गढ़वा में विशाल धरना-प्रदर्शन किया जायेगा। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रितेश चौबे ने कहा कि हेमंत सरकार ने युवाओं और छात्रों को धोखा देने का काम किया है। इसके विरोध में भाजपा कार्यकर्ता छात्रों और युवाओं के साथ जिला मुख्यालय स्थित समाहरणालय में धरना-प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि जिले के विभिन्न क्षेत्रों से काफी संख्या में छात्र और युवा कार्यक्रम में शामिल होंगे। रितेश चौबे ने आरोप लगाया कि सरकार ने निहत्थे छात्र-युवाओं पर लाठीचार्ज कर तानाशाही का परिचय दिया है। इसके बाद आंदोलन में शामिल छात्रों और युवाओं पर कथित रूप से फर्जी मुकदमे दर्ज कर लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करने का प्रयास किया गया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि झामुमो से जुड़े कुछ लोगों ने आंदोलनरत छात्रों और युवाओं के साथ मारपीट कर भय का माहौल पैदा किया। उन्होंने कहा कि इन घटनाओं को लेकर छात्रों, युवाओं और आम जनता में आक्रोश है। भाजपा नेता ने कहा कि यदि सरकार खुद को बेदाग मानती है तो सीबीआई जांच से पीछे क्यों हट रही है। उन्होंने कहा कि छात्रों और युवाओं की मांग है कि पूरे मामले की सीबीआई जांच कराई जाय, ताकि सच्चाई सामने आ सके। उन्होंने बताया कि मंगलवार को गोविंद हाईस्कूल मैदान टाउन हॉल में सुबह 11 बजे जनसभा के साथ कार्यक्रम की शुरूआत होगी। इसके बाद धरना-प्रदर्शन किया जायेगा। कार्यक्रम में गढ़वा-रंका विधानसभा क्षेत्र के विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी, केंद्रीय राज्य मंत्री संजय सेठ, प्रदेश उपाध्यक्ष भानू प्रताप शाही, जिलाध्यक्ष उदय कुशवाहा सहित प्रदेश, जिला, मंडल, पंचायत और बूथ स्तर के नेता एवं कार्यकर्ता शामिल होंगे।



## 'ऐसी मेरी वाइब' गाना रिलीज, कुणाल खेमू की 'वाइब' 18 सितंबर को होगी रिलीज

कुणाल खेमू की आगामी एक्शन-कॉमेडी फिल्म 'वाइब' का हाई-एनर्जी टाइटल ट्रैक 'ऐसी मेरी वाइब' रिलीज हो गया है। अमेजन एमजीएम स्टूडियोज और टिप्स म्यूजिक की ओर से जारी इस गाने में फिल्म के किरदारों के स्वैग, स्टाइल और अलग अंदाज की झलक देखने को मिलती है। कनिष्क पाल द्वारा कंपोज किए गए इस गाने को खिलारी और इरफाना ने अपनी आवाज दी है। गाने के बोल इरफाना हमीद और शुभम सोपान खिलारी ने लिखे हैं। इसका कैची हुक 'अलग है ये लाइफ, अलग है ये स्टाइल, अलग है ये हाइप, मेरी अलग है ये वाइब' गाने की ऊर्जा को और बढ़ाता है। गाने के वीडियो में कुणाल खेमू के साथ प्रीति जिंटा, स्पर्श श्रीवास्तव और वंशिका धीर नजर आ रहे हैं। अलग-अलग किरदारों की अपनी खास पर्सनैलिटी और वाइब को दिखाते इस ट्रैक में स्टाइलिश लुक, जोश से भरी कोरियोग्राफी और फुल-गैंग सीक्वेंस देखने को मिलते हैं। संगीतकार कनिष्क पाल ने बताया कि उनका मकसद ऐसा गाना तैयार करना था, जो पहली ही बीट से एक स्टेटमेंट जैसा महसूस हो और फिल्म की अलग-अलग ऊर्जाओं को एक साथ सामने लाए। वहीं, खिलारी और इरफाना ने भी ट्रैक के एटीट्यूड, आत्मविश्वास और अपनी पहचान को खुलकर अपनाने वाली भावना को खास बताया। 'वाइब' दो पक्के दोस्तों की कहानी है, जिनकी सामान्य जिंदगी अचानक एक अनजान और खतरनाक एडवेंचर में बदल जाती है। इस दौरान उन्हें न सिर्फ अपनी जान बचाने की चुनौती का सामना करना पड़ता है, बल्कि उनकी दोस्ती भी कठिन परीक्षा से गुजरती है। कुणाल खेमू ने फिल्म की कहानी लिखने के साथ इसका निर्देशन भी किया है। ड्रोंगो फिल्म्स के बैनर तले कुणाल खेमू और चिराग निहलानी द्वारा निर्मित इस फिल्म में कुणाल के अलावा प्रीति जिंटा, स्पर्श श्रीवास्तव और वंशिका धीर अहम भूमिकाओं में हैं। अमेजन एमजीएम स्टूडियोज की यह फिल्म 18 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## 9 सितंबर को आएगा 'राणाबाली' का टीजर



विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना स्टारर बहुप्रतीक्षित फिल्म 'राणाबाली' का ग्रैंड टीजर 9 सितंबर को रिलीज किया जाएगा। माइथ्री मूवी मेकर्स के बैनर तले बनी यह फिल्म 16 अक्टूबर 2026 को दशहरा के मौके पर दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। स्वतंत्रता संग्राम के एक अनकहे और दर्दनाक अध्याय पर आधारित इस पीरियड ड्रामा को लेकर दर्शकों के बीच पहले से ही जबरदस्त उत्साह बना हुआ है। फिल्म की घोषणा के बाद से मेकर्स लगातार कैरेक्टर पोस्टर, गानों और विशेष झलकियों के जरिए दर्शकों की उत्सुकता बढ़ाते रहे हैं। हाल ही में जारी एक वीडियो में एक दफन इतिहास, एक बागी सरदार, एक खतरनाक आमना-सामना और 1876-1878 जैसी पंक्तियों के माध्यम से फिल्म की कहानी और माहौल की झलक दिखाई गई है। मेकर्स का कहना है कि भारी जन मांग को देखते हुए टीजर को भव्य स्तर पर रिलीज किया जाएगा, जो फिल्म के प्रति उत्साह को और बढ़ाएगा। निर्देशक राहुल सांकृत्यन की यह फिल्म धर्म और अधर्म के संघर्ष की कहानी को बड़े कैनवास पर पेश करती है। दशहरा की भावना और बुराई पर अच्छाई की जीत को दर्शाने वाली यह फिल्म त्योहारों के सीजन में दर्शकों को एक अलग सिनेमाई अनुभव देने का दावा कर रही है। विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना की लोकप्रिय जोड़ी, भव्य निर्माण, दमदार कहानी और अजय-अतुल के संगीत के साथ 'राणाबाली' को अक्टूबर 2026 की सबसे बड़ी फेस्टिव रिलीज में से एक माना जा रहा है।

## नेपाल : भारतीय बचाव दल द्वारा चिलिमे हाइड्रोपावर में रेस्क्यू ऑपरेशन अब भी जारी



### प्रधानमंत्री का मंगलवार को गुजरात और महाराष्ट्र दौरा

# 35 हजार करोड़ से अधिक की सौगात देंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को गुजरात और महाराष्ट्र के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह गुजरात के वडोदरा में 35 हजार करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन करेंगे। इसके बाद मुंबई में ग्लोबल फिनटेक फेस्ट (जीएफएफ) 2026 का उद्घाटन करेंगे और सभा को संबोधित करेंगे।



प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, प्रधानमंत्री 8 सितंबर को दोपहर करीब 12 बजे वडोदरा में विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और राष्ट्र को समर्पण करेंगे। इनमें पश्चिमी समर्पित माल गलियारे (डब्ल्यूडीएफसी) के तीन महत्वपूर्ण खंडों का राष्ट्र को समर्पण प्रमुख है। इन 326 किलोमीटर लंबे खंडों के निर्माण पर 20,700 करोड़ रुपये से अधिक की लागत आई है। इनमें साणंद (उत्तर)-मकरपुरा, न्यू उमरगांव-न्यू सफाले और न्यू सफाले-जेएनपीटी खंड शामिल हैं। इन खंडों के शुरू होने के साथ ही समर्पित माल गलियारा नेटवर्क अपनी पूरी लंबाई में परिचालन के लिए तैयार हो जाएगा। जेएनपीए से सीधी रेल कनेक्टिविटी से आयात-निर्यात माल की तेज आवाजाही संभव होगी। इससे औद्योगिक केंद्रों और बंदरगाहों के बीच संपर्क मजबूत होने, लॉजिस्टिक्स लागत घटने और मुंबई के रेल नेटवर्क पर दबाव कम होने की उम्मीद है।

प्रधानमंत्री न्यू साणंद (उत्तर), न्यू मकरपुरा, न्यू उमरगांव और न्यू जेएनपीटी, मुंबई से मालगाड़ी सेवाओं को भी हरी झंडी दिखाएंगे। इसके अलावा वडोदरा से टांडा रोड के बीच नई ट्रेन सेवा को भी रवाना करेंगे, जिससे वडोदरा, छोटा उदयपुर और अलीराजपुर जिलों के लोगों को लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री छोटा उदयपुर-धार परियोजना के तहत निर्मित जोबाट-टांडा रोड नई रेल लाइन को भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे। यह रेल लाइन अलीराजपुर के दूरदराज और आदिवासी क्षेत्रों को राष्ट्रीय रेल नेटवर्क से जोड़ेगी। प्रधानमंत्री 329 किलोमीटर लंबी और 9,700 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली तीन रेल परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। इनमें वडोदरा-रतलाम तीसरी और चौथी रेल लाइन, मियागाम करजन-चोरंदा-मलसार आमान परिवर्तन तथा विश्वामित्री-डभोई दोहरीकरण परियोजना शामिल हैं। इन परियोजनाओं से यात्री और माल परिवहन क्षमता बढ़ाने, रेल मार्गों पर भीड़ कम करने तथा गुजरात और मध्य प्रदेश के बीच संपर्क मजबूत करने में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री करीब 1,780 करोड़ रुपये की लागत वाली तीन राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। इनमें एनएच-48 के कामरेज-चलथान खंड को छह लेन का बनाना, वडोदरा-सूरत खंड पर तापी और नर्मदा नदियों पर प्रमुख पुलों समेत अतिरिक्त ढांचों का निर्माण तथा एनएच-53 पर अभावा, मिंडहोला और खजोड़ जंक्शन पर ग्रेड सेपरेटेड संरचनाओं का निर्माण शामिल है। इसके अलावा, प्रधानमंत्री एनएच-48 के वडोदरा-सूरत सेक्शन पर सड़क सुरक्षा को बेहतर बनाने और ब्लैक स्पॉट (दुर्घटना संभावित जगहों) की समस्या को दूर करने के लिए कंडारी चौकड़ी और लुवारा पाटिया पर छह-लेन वाले फ्लाईओवर का उद्घाटन करेंगे।

इसके अलावा प्रधानमंत्री गुजरात सरकार की करीब 2,600 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। इनमें वडोदरा शहरी विकास प्राधिकरण रिंग रोड फेज-2, कडाना बांध में 110 मेगावाट की फ्लोटिंग सोलर परियोजना और वडोदरा नगर निगम के नए कार्यालय भवन जैसी परियोजनाएं शामिल हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास परियोजनाओं तथा पूर्वी वडोदरा के 11 गांवों के लिए जलापूर्ति परियोजना का भी उद्घाटन किया जाएगा। प्रधानमंत्री शाम करीब 5:45 बजे मुंबई में ग्लोबल फिनटेक फेस्ट (जीएफएफ) 2026 का उद्घाटन करेंगे और सभा को संबोधित करेंगे। दुनिया के प्रमुख और प्रभावशाली वार्षिक फिनटेक सम्मेलनों में शामिल जीएफएफ का सातवां संस्करण 8 से 11 सितंबर तक मुंबई में आयोजित किया जा रहा है। वर्ष 2020 से जीएफएफ नीति-निमार्ताओं, नियामकों, केंद्रीय बैंकों, वित्तीय संस्थानों, फिनटेक कंपनियों, प्रौद्योगिकी कंपनियों, निवेशकों और शिक्षाविदों सहित वैश्विक हितधारकों को एक मंच पर लाने वाला अंतरराष्ट्रीय विचार-विमर्श मंच बन गया है।

## नेपाल बाढ़ में मृतकों की संख्या 1,355 पहुंची, करीब 5,000 लोग अब भी लापता



**काठमांडू।** नेपाल में आई विनाशकारी बाढ़ से मरने वालों की संख्या 1,355 पहुंच गई है। अभी भी जारी खोज, बचाव और राहत अभियान के बीच करीब 5,000 लोग अब भी लापता या लापता बताए जा रहे हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार बरामद अवशेषों में मानव शरीर के विभिन्न अंग भी शामिल हैं। अब तक 98 शवों की पहचान कर उन्हें उनके परिजनों को सौंप दिया गया है। प्राधिकरण की प्रवक्ता शांति महत ने बताया कि रसुवा से 169, नुवाकोट से 197, धादिङ से 70, गोरखा से 75, तनहूं से 38, चितवन से 363, नवलपरासी पूर्व से 222 और नवलपरासी पश्चिम से 221 शव बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि बाढ़ के बाद करीब 4,996 लोगों के लापता होने या उनका पता नहीं चल पाने की सूचना है। नवीनतम रिकॉर्ड के अनुसार एक प्रभावित क्षेत्र में करीब 1,967 लापता लोगों और नुवाकोट में करीब 2,340 लोगों का विवरण अपडेट किया गया है। प्राधिकरण के अनुसार लापता लोगों में करीब 100 सुरक्षाकर्मी और सरकारी कर्मचारी तथा लगभग 589 विदेशी नागरिक भी शामिल हैं। इस बीच, बाढ़ के कारण फंसे 13,396 लोगों को अब तक सुरक्षित बचाया जा चुका है। नेपाल विद्युत प्राधिकरण के अनुसार बाढ़ में घायल 6,672 लोगों का इलाज कराया गया है। इनमें से 323 लोग अभी भी विभिन्न अस्पतालों में उपचाराधीन हैं, जबकि 228 लोगों को अस्पताल से छुट्टी देकर घर भेज दिया गया है। वर्तमान में बाढ़ प्रभावित 3,533 लोग 39 होल्डिंग सेंटरों में रह रहे हैं। प्राधिकरण के अनुसार इनमें 669 लोग रसुवा, 2,651 नुवाकोट और 213 लोग धादिङ में हैं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में खोज एवं बचाव, राहत वितरण और सुरक्षा व्यवस्था के लिए कुल 21,402 सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। इनमें 9,287 नेपाली सेना, 7,912 नेपाल पुलिस और 4,203 सशस्त्र पुलिस बल के जवान शामिल हैं।

## नागपुर में होगा आयुर्वेद दिवस का मुख्य आयोजन; थीम होगी-'स्वस्थ कल के लिए आयुर्वेद'

**नई दिल्ली।** इस वर्ष 23 सितंबर को महाराष्ट्र के नागपुर में आयुर्वेद दिवस का मुख्य समारोह आयोजित किया जाएगा। इस बार की थीम ₹स्वस्थ कल के लिए आयुर्वेद₹ रखी गई है, जिसका उद्देश्य आयुर्वेद की समृद्ध परंपरा को भविष्य की स्वास्थ्य आवश्यकताओं से जोड़ना है। केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने सोमवार को राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में 11वें आयुर्वेद दिवस के लिए कर्टेन रेजर प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि इस आयुर्वेद दिवस के लिए देशव्यापी जनजागरूकता अभियान की औपचारिक शुरूआत के करते हुए युवाओं में इसके प्रचार-प्रसार पर जोर दिया। प्रतापराव जाधव ने कहा कि आज पूरी दुनिया रोगों की रोकथाम, स्वस्थ जीवनशैली, पोषण, वेलनेस और समग्र स्वास्थ्य की ओर बढ़ रही है और इन क्षेत्रों में भारत के पास आयुर्वेद के रूप में समृद्ध ज्ञान और अनुभव है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद दिवस केवल भारत की परंपरा का उत्सव नहीं, बल्कि भविष्य की स्वास्थ्य चुनौतियों का समाधान प्रस्तुत करने का अवसर भी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विकसित भारत' के विजन के अनुरूप स्वास्थ्य व्यवस्था केवल बीमारी के इलाज तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि स्वस्थ दिनचर्या, संतुलित आहार, मानसिक संतुलन और प्रकृति के साथ सामंजस्य को भी बढ़ावा देना चाहिए। मंत्री ने बताया कि इस वर्ष का अभियान तीन प्रमुख विषयों पर केंद्रित रहेगा- 1. बेहतर स्वास्थ्य परिणामों के लिए समेकित स्वास्थ्य सेवा, 2. आयुर्वेद में शोध, साक्ष्य और नवाचार, सामुदायिक कल्याण, 3. सतत जीवनशैली के लिए आयुर्वेद। उन्होंने मीडिया से अपील करते हुए कहा कि आयुर्वेद से जुड़ी सही, वैज्ञानिक और प्रमाण आधारित जानकारी आम लोगों तक पहुंचाना बेहद आवश्यक है।

### यूजीसी के संबंध में नियमों को वापस लेने, एससी/एसटी एक्ट में सुधार करने व आरक्षण आर्थिक आधार पर लागू करने की मांग

# 9 सितंबर को गढ़वा में सवर्ण एकता मंच निकालेगा विशाल रैली

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** सवर्ण एकता मंच की ओर से 9 सितंबर को आयोजित होने वाले विशाल आमसभा सह धरना-प्रदर्शन को लेकर सोमवार को शहर के चिनिया रोड स्थित मां कंस्ट्रक्शन के कार्यालय परिसर में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंच के वीरेंद्र द्विवेदी ने की। बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा करते हुए इसे सफल बनाने के लिये अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया। जानकारी देते हुये राजेश चौबे ने बताया कि 9 सितंबर बुधवार को सुबह 10 बजे टाउन हॉल मैदान में विशाल आमसभा सह धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जायेगा। इसके बाद टाउन हॉल मैदान से विशाल रैली निकाली जायेगी, जो समाहरणालय तक जायेगी। समाहरणालय पहुंचने के बाद मंच की ओर से अपनी मांगों से संबंधित मांग पत्र डीसी को सौंपा जायेगा। सवर्ण एकता मंच की ओर से जारी मांग पत्र में यूजीसी के संबंध में नियमों को वापस लेने, एससी/एसटी एक्ट में सुधार करने तथा आरक्षण व्यवस्था को आर्थिक आधार पर लागू करने की मांग की गई है। इसके अलावा देश में दोहरे मापदंड को समाप्त करने, सवर्ण समाज को टारगेट करना बंद करने और कानून एवं सम्मान को हर नागरिक का अधिकार बनाने की मांग उठाई गई है। मंच ने सवर्ण आयोग के गठन की भी मांग की है। मंच के सदस्यों ने लोगों से अपील की कि वे 9 सितंबर को बड़ी संख्या में टाउन हॉल मैदान पहुंचें और आमसभा एवं रैली में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। बैठक में मुख्य रूप से अंजनी तिवारी, अरविंद मिश्रा, प्रदीप मिश्रा, बबन सिंह, मिथिलेश तिवारी, अनंत दुबे, आनंद मोहन तिवारी, ब्रजेंद्र पाठक, रामजन्म मिश्रा, प्रदीप सिंह, सूर्यकांत दुबे, ब्रजेश तिवारी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)